


## भारतीय तेज गेंदबाजों का ऊपर बढ़ना ही 2019 की सुर्खियां रहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा कि उन्हें लगता है कि देश का 'तेज गेंदबाजी पावरहाउस' के रूप में ऊपर बढ़ना ही साल की सुर्खियों रहा जबकि पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने ऑस्ट्रेलिया पर उसकी सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में मिली जीत को 2019 के 'पंसदीदा क्षण' में शामिल किया। उमेश यादव (23), इशांत शर्मा (25) और मोहम्मद शमी (33) ने 20 से भी कम औसत से इस साल टेस्ट में 81 विकेट चटकाए। इससे पहले जब एक टीम के तीन तेज गेंदबाजों ने एक कैलेंडर वर्ष में 20 से भी कम औसत से 20 से ज्यादा विकेट चटकाए वो 1978 था तब इयान बॉथम, क्रिस ओल्ड और बॉब विलिस ने अपनी टीम के लिए यह कारनामा किया था। पठान ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'इस साल हमने देखा कि भारत के तेज गेंदबाजों ने देश के लिए बेहतरीन गेंदबाजी की और हमने जो सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजी लाइन–अप देखे हैं, यह उनमें से एक रहा। हमने उनकी गेंदबाजी के इरादे देखे और तेज स्विंग गेंदबाजी की। गेंद नई थी या पुरानी, यह मायने नहीं रहा।' उन्होंने कहा, 'मैंने भारतीय क्रिकेट की प्रगति को देखा है विशेषकर तेज गेंदबाजी के मामले में। तो मेरे लिए यह साल की अहम बात रही।'

# कनेरिया के बयान ने पाक का असली चेहरा दिखायाः गंभीर

**क्रिकेट**

## क्रिकेट में भेदभाव- उस देश में हो रहा है, जिसके पीएम इमरान खान खुद क्रिकेटर रहे हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने शुक्रवार को कहा कि हिंदू होने के कारण साथी खिलाड़ियों का बुरा बर्ताव झेलने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया के इस बयान ने पाकिस्तान का असली चेहरा दिखा दिया है।

गंभीर ने कहा, 'भारत में मोहम्मद अजहरूद्दीन जैसे कप्तान हुए हैं, जो लंबे समय तक कप्तान रहे। यह उस देश में हो रहा है, जिसके प्रधानमंत्री इमरान खान खुद क्रिकेटर रहे हैं।'उन्होंने कहा, 'कनेरिया ने अपने देश के लिए इतने टेस्ट खेले हैं। इसके बावजूद उन्हें यह सब झेलना पड़ा तो यह शर्मनाक है।' पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने दावा किया था कि उनके साथी खिलाड़ी कनेरिया के साथ कुछ पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने पक्षपातपूर्ण बर्ताव किया और उसके साथ खाना भी नहीं खाते थे क्योंकि वह हिंदू थे। कनेरिया ने उनके दावे का समर्थन करते हुए कहा था, 'शोएब भाई महान खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजी की तरह बातें भी खरी–खरी करते हैं। जब मैं खेलता था तो इन मसलों पर बोलने की हिम्मत नहीं थी लेकिन शोएब भाई के बयान के बाद अब वह हिम्मत आ गई है।

उन्होंने , इंजी भाई (इंजमाम उल हक), मोहम्मद युसूफ और यूनिस भाई ने भी हमेशा मेरा साथ दिया।' पूर्व लेग स्पिनर ने कहा, जिन्होंने मेरा साथ नहीं दिया, मैं जल्दी ही उनके नामों का खुलासा करूंगा।

**बोर्ड की यह दलील**

पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा, 'अख्तर और कनेरिया दोनों संन्यास ले चुके हैं और हमसे अनुबंधित नहीं हैं इसलिए वह जो चाहे कर सकते हैं और कह सकते हैं। यह उनके विचार हैं। और उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट की पूरी व्यवस्था के खिलाफ नहीं बल्कि कुछ खिलाड़ियों के व्यवहार को लेकर आरोप लगाए हैं।' इसमें बोर्ड को क्यों शामिल होना चाहिए।'

**कासिम और मोहसिन का समर्थन मिलाः** अख्तर और कनेरिया को पूर्व टेस्ट खिलाड़ी इकबाल कासिम और मोहसिन खान का समर्थन मिला है। पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज ने मोहसिन खान ने कहा, 'एक खिलाड़ी का आकलन उसके धर्म, रंग या जाति से नहीं बल्कि उसके क्रिकेट कौशल और टीम के प्रति प्रतिबद्धता से किया जाना चाहिए।

## पीसीबी ने बांग्लादेश टी20 के लिए पाकिस्तानी क्रिकेटरों की उपेक्षा की खबरों का खंडन किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- एशियाई एकादश और विश्व एकादश के बीच 18 और 21 मार्च को दो टी20 मैच खेले जाने हैं
- पाकिस्तान प्रीमियर लीग से तारीखों के टकराव के कारण वे उपलब्ध नहीं है

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इन खबरों का खंडन किया है कि अगले साल एशिया एकादश और विश्व एकादश के बीच होने वाले टी20 मैचों के लिए पाकिस्तानी क्रिकेटरों की उपेक्षा की जा रही है। पीसीबी ने कहा कि उसके खिलाड़ियों को बीसीबी से न्यौता मिला है, लेकिन पाकिस्तान प्रीमियर लीग से तारीखों के टकराव के कारण वे उपलब्ध नहीं है।

एशियाई एकादश और विश्व एकादश के बीच 18 और 21 मार्च को दो टी20 मैच खेले जाने हैं जो बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी वर्ष के समारोहों का हिस्सा होंगे। पीसीबी प्रवक्ता ने कहा, 'इन मैचों को लेकर कुछ गलतफहमी है। हमारे खिलाड़ियों को न्यौता मिला है लेकिन चूंकि ये मैच पाकिस्तान प्रीमियर लीग के दौरान हो रहे हैं तो हमारे खिलाड़ी नहीं खेल सकेंगे।'

उन्होंने इन खबरों का खंडन किया कि पाकिस्तानी क्रिकेटर इसलिए एशियाई एकादश में नहीं है क्योंकि वे भारतीय खिलाड़ियों के साथ नहीं खेलना चाहते या भारतीय बोर्ड की उन्हें बाहर करने में भूमिका है। अधिकारी ने कहा, 'हमें जून में एशियाई क्रिकेट परिषद ने एशियाई एकादश के लिए खिलाड़ियों को नामित करने के लिए बुलाया था। हमने एसीसी और बीसीबी से तारीखों में बदलाव करने का अनुरोध किया ताकि हमारे खिलाड़ी खेल सकें।'

अधिकारी ने कहा कि ऐसा नहीं हो सका और यही वजह है कि उनके क्रिकेटर इसमें भाग नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मामले को अलग मोड़ दिया जा रहा है ताकि पाकिस्तान क्रिकेट की नकारात्मक छवि बनाई जा सके।

## ओलिंपिक क्वॉलिफायर ट्रायल्सः मेरी कॉम और निकहत में फाइनल फाइट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 6 बार की विश्व चौंपियन एमसी मेरी कॉम अगले साल होने वाले ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए महिला मुक्केबाजी ट्रायल्स के 51 किग्रा फाइनल में निकहत जरीन के सामने होंगी। दोनों ने यहां शुक्रवार को अपने पहले दौर के मुकाबलों में सर्वसम्मत फैसले में जीत हासिल की। पूर्व जूनियर विश्व चौंपियन निकहत जरीन ने शुक्रवार को यहां ज्योति गुलिया को जबकि कई बार की एशियाई चौंपियन मेरी कॉम ने ऋतु ग्रेवाल को मात दी। दो दिवसीय प्रतिस्पर्धा शनिवार को समाप्त होगी। ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए चयन नीति पर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के ढुलमुल रवैए के बाद जरीन ने कुछ हफ्ते पहले छह बार की विश्व चौंपियन एमसी मेरी कॉम के खिलाफ ट्रायल की मांग कर हंगामा खड़ा कर दिया था। मेरी कॉम ने कहा था कि वह बीएफआई की नीति का पालन करेंगी, जिसने अंत में ट्रायल्स कराने का फैसला किया। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने एक सम्मान समारोह में घोषणा कर हलचल मचा दी थी कि मेरी कॉम को उनके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण बिना किसी ट्रायल के ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए चुना जाएगा। इससे नाराज जरीन ने उचित मौका दिए जाने की मांग की थी।

## न्यूज डायरी



### सिलेक्टर को ड्रेसिंग रूम से निकलवाकर कुछ भी गलत नहीं कियाः मनोज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और नैशनल सिलेक्टर देवांग गांधी गुरुवार को सुर्खियों में थे। उन्हें कोलकाता के ईडन गार्डंस में बंगाल के ड्रेसिंग रूम से ऐंटी करप्शन यूनिट ने बाहर कर दिया था। देवांग के अनधिकृत रूप से ड्रेसिंग रूम में घुसने की शिकायत भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने की थी। हालांकि, देवांग ने बाद में कहा कि वह बंगाल के कोच अरुण लाल और एसीयू अधिकारी की इजाजत लेकर ड्रेसिंग रूम में गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पीठ में दर्द था और वह बंगाल टीम के फिजियो से दिखाने गए थे। क्रिकेट असोसिएशन ऑफ बंगाल ने भी गांधी का बचाव करते हुए कहा कि वह प्लेयर्स एरिया से बाहर बने मेडिकल रूम तक गए थे और इसकी अनुमति ली थी। इस मामले पर मनोज ने कहा, यह गलत है कि देवांग अनुमति लेकर गए थे।

### मेरी हालात बहुत खराब हैः दानिश कनेरिया ने इमरान खान को लिखा पत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। प्रतिबंध की मार झेल रहे दानिश कनेरिया ने गुरुवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और क्रिकेट प्रशासकों से मदद की गुहार लगाते हुए कहा है कि उनका जीवन अच्छा नहीं चल रहा। इंग्लिश क्लब एसेक्स की ओर से खेलने के दौरान कनेरिया पर स्पॉट–फिक्सिंग का आरोप सिद्ध हुआ था। उन्होंने कहा कि काफी वक्त से उन्होंने पाकिस्तान और दुनियाभर में कई लोगों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने की गुजारिश की है लेकिन उन्हें कोई मदद नहीं मिली है बल्कि पाकिस्तान के कई अन्य क्रिकेटर्स के मामले सुलझाए गए। कनेरिया ने कहा, श्मेरी हालत बहुत खराब है और मैंने पाकिस्तान और दुनियाभर में कई लोगों से मदद की गुहार लगाई है लेकिन अभी तक मुझे कोई मदद नहीं मिली है। हालांकि पाकिस्तान में कई क्रिकेटरों की समस्याओं को सुलझाया गया है।

### दक्षिण कोरिया के पूर्व फुटबाल कोच जुड़ेंगे इंडोनेशियाई टीम से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। दक्षिण कोरिया के पूर्व कोच शिन ताए यंग को इंडोनेशियाई राष्ट्रीय टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी संभालने के लिये चुना गया है। इंडोनेशियाई फुटबाल संघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शिन पिछले साल रूस में हुए विश्व कप में दक्षिण कोरिया के कोच थे और इसमें उनकी टीम ने गत चौम्पियन जर्मनी को बाहर का रास्ता दिखाया था। उनके शनिवार को अधिकारिक रूप से इंडोनेशिया का कोच चुने जाने की उम्मीद है। इंडोनिशया फुटबाल संघ के चेयरमैन मोचामाद इरियावान ने शुक्रवार को बयान में कहा, ''हमने शिन को अनुबंध को अंतिम रूप देने के लिये आमंत्रित किया है। इसके बाद उन्हें शनिवार को कोच नियुक्त किया जायेगा।

### टाटा मुंबई मैराथन की प्रतियोगिता दूत चुनी गयीं मिलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। सात बार की ओलंपिक पदक विजेता और नौ बार की विश्व चौम्पियन अमेरिकी जिमनास्ट शैनोन मिलर को शुक्रवार को 17वीं टाटा मुंबई मैराथन का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता दूत चुना गया। मैराथन 19 जनवरी को शहर में आयोजित की जायेगी। अमेरिका की 42 वर्षीय जिमनास्ट को 'अमेरिकी ओलंपिक हॉल ऑफ फेम' में शामिल होने वाली पहली महिला एथलीट हैं। उन्होंने 1992 ओलंपिक में पांच पदक (दो रजत, तीन कांस्य) जीते थे जो अमेरिकी एथलीट द्वारा किसी भी खेल में सबसे ज्यादा हासिल किये गये पदक हैं। वह पहली अमेरिकी जिमनास्ट हैं जिन्होंने दो विश्व आल राउंड खिताब जीते हैं।

### भारतीय कुश्ती में चमके दीपक, बजरंग और विनेश का दमदार प्रदर्शन जारी रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती में ज्यादातर शीर्ष पहलवानों ने 2019 में उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन किया लेकिन इनमें सबसे चमकता सितारा दीपक पूनिया रहे जबकि अनुभवी और ओलंपिक दिग्गज सुशील कुमार और साक्षी मलिक का खराब प्रदर्शन जारी रहा।